जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 58 अंक-10 जयपुर, सोमवार, 7 मार्च, 2022 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4


सरकार को पर्यावरण की चिंता

## घर पर सोलर ट्री लगाने की जरूरत-नरेन्द्र मोदी



**नई दिल्ली(हमारा वतन)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एनर्जी फॉर सस्टेनेबल ग्रोथ विषय पर एक वेबिनार को संबोधित किया। उन्होंने सोलर, हाइड्रोजन, एलईडी बल्ब के इस्तेमाल पर जोर दिया। साथ ही सस्टेनेबल एनर्जी के लिए सरकार ने जो कदम उठाए उनको भी गिनाया। मोदी ने घर के बाग-बगीचे या बालकनी में एक सोलर ट्री लगाने को कहा ताकि ये सोलर ट्री घर की 10-20% बिजली बचाने में मदद करें। वेबिनार में अलग-अलग मंत्रालयों और राज्य सरकारों के अधिकारी साथ ही उद्योग प्रतिनिधि और अन्य विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि एनर्जी और सस्टेनेबल ग्रोथ हमारी पुरातन परंपराओं से प्रेरित है और भविष्य की जरूरत और आकांक्षाओं को पूरा करने का रास्ता है। हमारा मानना है कि सस्टेनेबल ग्रोथ सस्टेनेबल एनर्जी से ही हो सकता है। हमने ग्लासगो में 2070 तक नेट जीरो के स्तर तक पहुंचने का वादा किया है। मैंने कॉप-26 में सस्टेनेबल लाइफस्टाइल को बढ़ावा देने के लिए लाइफ मिशन की बात की थी। 2030 तक हमारा टारगेट फॉजिल सोर्स से 50% तक एनर्जी प्राप्त करना है। इस बार बजट में हमने हाई कैपासिटी वाले सौर मॉड्यूल बनाने के लिए 19,500 करोड़ रुपए की घोषणा की है। हमने नेशनल हाइड्रोजन मिशन की भी घोषणा की है। हाइड्रोजन ईकोसिस्टम फर्टिलाइजर, रिफाइनरीज और ट्रांसपोर्ट सेक्टर से जुड़ा हुआ है। इस क्षेत्र में पीएम ने प्राइवेट सेक्टर को काम करने का अनुरोध भी किया।

**ज्यादा एनर्जी-कैपेसिटी वाले एसी, हीटर और गीजर बनाने की जरूरत**

रेन्युअल एनर्जी के साथ एनर्जी स्टोरेज भी एक बड़ी चुनौती है। हमने स्टोरेज कैपेसिटी को भी प्रायोरिटी दी है। इस साल के बजट में हमने बैटरी स्वैपिंग पॉलिसी और इंटर-ऑपरेबिलिटी स्टैंडर्ड्स के कई प्रोविजन किए हैं। सस्टेनबलिटी के लिए एनर्जी सेविंग और प्रोडक्शन जरूरी है। हमें भारत में ज्यादा एनर्जी-कैपेसिटी वाले एसी, हीटर, गीजर और इसी तरह के डिवाइसों को बनाने के लिए बहुत कुछ करने की जरूरत है।

**सरकार ने गरीबों को 37 करोड़ LED बल्ब दिए**

LED बल्ब की कीमत 300-400 रुपए हुआ करती थी। हमारी सरकार ने इसका प्रोडक्शन बढ़ाया, इससे कॉस्ट कम हुई। हमने उजाला के तहत लगभग 37 करोड़ LED बल्ब दिए हैं, जिससे बहुत सारी बिजली, गरीबों का पैसा और कार्बन उत्सर्जन में कमी हुई है। हमने कोयला गैसीकरण के लिए चार पायलट प्रोजेक्ट तैयार किए हैं और इथेनॉल के इस्तेमाल को भी बढ़ावा दिया है।

सौर गैस स्टार्ट-अप के लिए बड़ा बाजार हमें अपनी चीनी मिलों और डिस्टिलरीज को मॉर्डन बनाने की जरूरत है। हमारी ऊर्जा मांग लगातार बढ़ रही है और इस तरह, भारत को रेन्यूवल एनर्जी की ओर बदलाव की जरूरत है।



## पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

चौमूं के पत्रकारों ने पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की

### डिजिटल मीडिया को मुख्यधारा में शामिल करने की मांग की

**जयपुर (हमारा वतन)।** पत्रकार संस्था के सदस्यों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर उपखण्ड कार्यालय में उपखण्ड अधिकारी हर्षित वर्मा को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में राज्य में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने व डिजिटल मीडिया को मुख्यधारा में शामिल करने सम्बन्धी मांग उठाई। पत्रकारों ने कहा कि आज पत्रकारों द्वारा जनहित के मामले उठाये जाने पर भी माफियाओं द्वारा उनको टारगेट कर झूठे मामलों में फंसाया जा रहा है। कई बार तो माफियाओं द्वारा मारपीट भी कर दी जाती है। ऐसे कई मामले राज्य में हो चुके है। ऐसे में महाराष्ट्र की तर्ज पर राज्य में भी पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया जाना चाहिए। जिससे राज्य के पत्रकार अपने आपको सुरक्षित महसूस कर जनता की आवाज बन सकें। लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ की सुरक्षा सरकार का दायित्व है।

पत्रकारों ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पत्रकारों के हित में काफी कार्य किए हैं। चाहे पत्रकारों के आवास सम्बन्धी हो या फिर बीमा या अधिस्वीकरण संबंधी। आज डिजिटल मीडिया तेजी से बढ़ रहा है और लाखों लोग इसके माध्यम से अपनी आजीविका चला रहे है। ऐसे में डिजिटल मीडिया को भी मुख्यधारा से जोड़ा जाना चाहिए।

इस दौरान पत्रकार दिनेश कुमार कुमावत, संत कैलाश भाई, मनीष यादव, मोहम्मद उस्मान ,भंवर लाल सैनी, सुशील अग्रवाल, मदन लाल सैनी, श्याम सुंदर पाराशर ,राम गोपाल सैनी सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।



## सहारा इंडिया कार्यकर्ताओं ने चौमूं एसीपी को दिया ज्ञापन

**चौमूं (हमारा वतन)।** सहारा इंडिया परिवार के कार्यकर्ताओं ने चौमूं एसीपी राजेंद्र निर्वाण को सहारा सेबी- विवाद को लेकर ज्ञापन सौंपा।

कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन में बताया कि हम कार्यकर्ताओं द्वारा विगत 44 वर्षों से अपने-अपने क्षेत्रों में छोटे -छोटे दुकानदारों रेहडी वालों, खोमचे वालों एवं निम्न मध्यमवर्गीय लोगों के घर - घर जाकर उनसे निवेशित कराते हुए उनके अंदर संचय की भावना उत्पन्न कराई है। देश में आज हमारे प्रधानमंत्री के आह्वान पर सभी लोगों के बैंक खाते खोले गए हैं, परंतु हम सभी अभिकर्तागण द्वारा अपनी संस्था के माध्यम से विगत 4 दशक से अधिक समय से लोगों को धन संचय कराते हुए उन्हें अच्छा लाभ प्रदान करते आ रहे हैं। कई लोगों के द्वारा हमारे संस्था से प्राप्त ब्याज के माध्यम से अपने व्यवसाय को बढ़ाया है तथा कई लोगों ने अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाई गई तथा घर मकान इत्यादि बनाए हैं।

एक और जहां हमारे सम्मानित निवेशकों ने ब्याज के माध्यम से लाखों करोड़ों कमाए हैं, वही हम जैसे लाखों बेरोजगार युवाओं को घर पर रहते हुए आय प्राप्त करते हुए सुंदर जीवन व्यतीत करने का अवसर प्राप्त हुआ है। वही विगत 8 वर्ष पूर्व सहारा - सेबी विवाद की वजह से हमारे जीवन में उथल-पुथल मच गई है। हम सभी अभिकर्ता एवं हमारे परिवारजन भुखमरी के कगार पर आ गए है। दूसरी तरफ हमारे सम्मानित निवेशकों के भुगतान में विलंब कि स्थिति आने लगी है।

सेबी के कुछ अधिकारियों की हठधर्मिता की वजह से हमारी संस्था का मय ब्याज पर 24000 करोड रूपए सेबी के पास फंसा हुआ है, जिसे सेबी द्वारा अपनी रिपोर्ट में स्वीकार भी किया गया है। जिसकी वजह से हम अपने सम्मानित निवेशकों को समय पर भुगतान नहीं कर पा रहे हैं। नतीजतन हमें नया व्यवसाय नहीं मिल पा रहा है और हमारी आय भी खत्म हो गई है।

## पंडित रविंद्र आचार्य की भविष्यवाणी पर फिर लगी मुहर



**जयपुर (हमारा वतन)।** तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य की भविष्यवाणी पर एक बार फिर मुहर लग गई है। जानकारी के लिए आपको बता दें कि ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष रुक्षमणी कुमारी के लिए पंडित रविंद्र आचार्य ने भविष्यवाणी की थी कि कुछ ही दिनों में आपको राजनीतिक पद मिलने वाला है। रुक्षमणी कुमारी को हाल ही में प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा राजस्थान समाज कल्याण बोर्ड में सदस्य नियुक्त कर दिया गया है।आचार्य की भविष्यवाणी सिद्ध होने पर रुक्षमणी कुमारी ने आचार्य का मान - सम्मान किया और आशीर्वाद लिया। गौरतलब है की इससे पहले भी पंडित रविंद्र आचार्य की कई भविष्यवाणियाँ सिद्ध हो चुकी हैं।






# निर्भया

तुम हिंदुस्तान की बेटी हो
हिंदुस्तान तुम्हारा है
तुम निर्भया हो
तुम झांसी की रानी हो
हुई पैदा तुम इस कुल में
यह सम्मान हमारा है
तुम नारी का अभिमान हो
तुम निर्भया हो
वतन से प्यार है तुमको
वतन की तुम दीवानी हो
तुम रचोगी इतिहास स्वर्णिम
तुम नारी शक्ति हो
तुम चट्टान सी बलशाली हो
तुम निर्भया हो
तुम वीरता का प्रतीक हो
तुम शूरता का स्तम्भ हो
तुम ही मलाला
और पन्नाधाय हो
तुम ही जीजा बाई हो
तुम शेरनी हो
दिखा दो दहाड़ कर
तुम निर्भया हो
तुम चोटियों पसर चढ़ रही
तुम ढेरों तमगे ला रही
तुम नाम ऊँचा कर रही
तुम निर्भया हो



योगिता जोशी 'अनुप्रिया'
प्राचार्या वेदांता
इंटरनेशनल स्कूल

# विधायक रामलाल शर्मा ने विधानसभा में उठाया संस्कृत शिक्षा के शिक्षकों के ग्रीष्मावकाश का मुद्दा

**जयपुर (हमारा वतन)।** विधायक रामलाल शर्मा ने विधानसभा सत्र के दौरान प्रश्नकाल में संस्कृत शिक्षा में 1 जनवरी से 30 जून तक जॉइन करने वाले शिक्षकों के ग्रीष्मावकाश का मुद्दा विधानसभा में उठाया। उन्होंने संस्कृत शिक्षा विभाग द्वारा जारी ग्रीष्मावकाश की रिकवरी का मुद्दा उठाते हुए पूछा कि संस्कृत शिक्षा विभाग ने जनवरी के बाद जॉइनिंग लेने वाले शिक्षकों को 1 जुलाई से रिजोइनिंग नही करवाई गई और उच्च न्यायालय के आदेशों के बाद ग्रीष्मावकाश ओर अन्य भुगतान कर दिया गया लेकिन सेवानिवृत्त होने के बाद पेंसन विभाग ने आक्षेप लगाकर रिकवरी निकाल दी।

तो वही अब मजबूरी में कर्मचारियों को रिकवरी जमा करवाकर पेंशन उठानी पड़ रही है। संस्कृत शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला ने सवाल का जवाब



देते हुए कहा कि जयपुर के अलावा अन्य संभागों मे कोई रिकवरी नही की गई। जयपुर में आदेशों की अस्पष्टता के कारण रिकवरी की गई। एसीएस संस्कृत शिक्षा को इस संबंध में निर्देश दिए गए। जल्द ही रिकवरी करवाकर पुर्नभुगतान कर दिया जाएगा।

## केंद्र ने 2026 तक सीएपीएफ के आधुनिकीकरण योजना का किया विस्तार

नई दिल्ली(एजेंसी)। गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने 1,523 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के आधुनिकीकरण कार्यक्रम को 31 मार्च, 2026 तक बढ़ा दिया है। इस योजना में विभिन्न थिएटरों में उनकी तैनाती के पैटर्न को ध्यान में रखते हुए, सीएपीएफ को उनकी परिचालन आवश्यकता के अनुसार आधुनिक- अत्याधुनिक हथियारों और उपकरणों से लैस करने की परिकल्पना की गई है।



# पूजा चौधरी बनी मिस इंडिया दी क्राउन 2022

**जयपुर (हमारा वतन)।** अजमेर रोड स्थित होटल वी1 प्राइड में मिस और मिसेज इंडिया दी क्राउन 2022 का आयोजन गठजोड़ फिल्म और एंटरटेनमेंट एवं गोल्ड इवेंट्स के तत्वाधान में हुआ जिसमें मिस इंडिया दी क्राउन की विनर दिल्ली की पूजा चौधरी रही । फर्स्ट रनर अप अलीशा खान ,सेकंड रनर अप अंजू राठौड़ ,पीपल्स चॉइस पर्सनालिटी मोनिका चौहान, मॉडल ऑफ द ईयर फरूटी डिसूजा रही । मिसेज कैटेगरी में मिसेज इंडिया दी क्राउन सोनिया संधू, फर्स्ट रनर अप शालू मेहरा, सेकंड रनर अप रश्मि शर्मा रही ।आयोजक महावीर कुमार सोनी और राज शर्मा ने बताया की कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक जयपुर ग्रीन्स डेवलपर्स और पावर्ड बाय अग्रवाल बिल्डर्स रहे । कार्यक्रम के चीफ गेस्ट एडवोकेट विकास शर्मा, विशिष्ट अतिथि राजेश सैनी ,रामबाबू सैनी, अंकुर अग्रवाल, सौरव अग्रवाल, कुसुम यादव, एडवोकेट सुनील शर्मा, भावना सय्यद रहे । फैशन शो में गोविंद सिंह, राहुल शर्मा, अकबर खान, मिताली सोनी ,पवन टाक ,सूर्यकांत सिंह ,राधेश्याम गुप्ता ,एडवोकेट शिव जोशी, रीमा गोदा, मनोज सोनी ,नेहा विजय ,भावना रामनानी , दयाशंकर पोसवाल, अमित सिकरवार, अविनाश गोयल ,नीता कपूर, तृप्ति विजय, नेहा विजय आदि ने भी शिरकत की । फैशन शो की कोरियोग्राफी पीयूष शर्मा ने की । शो के जजेज मुस्कान कामदार, निर्जा चौधरी, दीप्ति सैनी, प्रज्ञा टेकरीवाल ,मेघा शर्मा ,खुशबू सैयद, अलीशा जैन आदि रहे । कार्यक्रम को एंकर प्रति सक्सेना ने होस्ट किया ।फोटोग्राफी सुहान खान, हीरा डाबरिया, अनिल सिंह ने की । मेकअप पार्टनर नीतू मेक अवर और आफरीन रही ।

# प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने निकाली भव्य शोभायात्रा



**जयपुर (हमारा वतन)।** आजाद भारत के अमृत महोत्सव से स्वर्ण भारत की ओर श्रंखला के अंतर्गत प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय स्थानीय सेवा केंद्र प्रभु कीर्ति कुंज के द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया । विधायक रामलाल शर्मा ने शिव ध्वज दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया । शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण सर्व आत्माओं के पिता शिव लक्ष्मीनारायण एवं भारत माता की झांकी थी । इस अवसर पर बड़ी संख्या में माताएं बहने कलश यात्रा मेंशामिल हुईं। यह शोभायात्रा सेवा केंद्र से रवाना होकर रावण गेट, चौपड़, बस स्टैंड, मोरीजा रोड, अनाज मंडी से होते हुए थाना मोड़ से होकर सेवा केंद्र पर विसर्जित हुई। शोभायात्रा के अंत में महिला सशक्तिकरण का स्नेह मिलन आयोजन किया गया, जिसमें बनीपार्क जयपुर ब्रम्हाकुमारी सेवा केंद्र की इंचार्ज ब्रम्हाकुमारी लक्ष्मी बहन ने महिला सशक्तिकरण के लिए आध्यात्मिकता की आवश्यकता पर विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अगर महिला मानवीय मूल्य एवं देवी मूल्य धारण कर लेती हैं तो वह देवी का रूप धारण कर लेगी। इस कार्यक्रम में डॉक्टर अदिति एवं रुप में भव्य डांस प्रस्तुत किया । कार्यक्रम के अंत में स्थानीय सेवा केंद्र की इंचार्ज ब्रम्हाकुमारी मंगला बहन ने आत्मा परमात्मा अनुभूति कराई । इस अवसर पर सेवा केंद्र के मुख्य भाई फूलचंद भाई, बाबूलाल भाई एवं अन्य भाई बड़ी संख्या में उपस्थित थे । सभी आए हुए भाई बहनों को शिव प्रसाद वितरित किया गया ।



# सम्मान व मोटिवेशन से ही मिलती है मंज़िल

जयपुर (हमारा वतन) नीट व जेईई की उत्कृष्ट तैयारी से आल इंडिया लेवल पर पहचान बनाने वाले स्थानीय संस्थान टारगेट कॅरियर इंस्टीट्यूट द्वारा क्वालिटी एजुकेशन की दिशा में एक और नई पहल करते हुए अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त विशाल सेमिनार हॉल का शुभारंभ किया गया । इस अवसर पर आयोजित मोटिवेशनल सेमीनार व अवार्ड सेरेमनी कार्यक्रम द्वारा सेमीनार हॉल का विधायक रामलाल शर्मा ने फ़ीता काटकर उद्घाटन किया । साथ ही अवार्ड सेरेमनी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामलाल शर्मा, विशिष्ट अतिथि टोकस गैस्ट्रो हॉस्पिटल के एमडी डॉ. अशोक टोकस , पूर्व चेयरमैन कृषि उपज मंडी चौमूं दिनेश गोरा , ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी पंचायत समिति गोविन्दगढ़ डॉ. सुदीप कुमावत सहित कार्यक्रम के अध्यक्ष एडवोकेट एमआर नटवाडिया द्वारा प्री फ़ाउंडेशन, फ़ाउंडेशन व नीट की तैयारी कर रहे 150 से अधिक टॉपर विद्यार्थियों का सम्मान करके उत्साहवर्धन किया । इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विधायक द्वारा विद्यार्थियों को अनुशासन के साथ तनाव मुक्त वातावरण में कड़ी मेहनत करने की शिक्षा दी। बीएसओ डॉ. सुदीप कुमावत ने सही टाइम मैनेजमेंट और तकनीकी उपकरणों के सही इस्तेमाल पर ज़ोर दिया ।

संस्थापक व निदेशक आर आर देवन्दा ,निदेशक बी एल खीचड़ ,एकेडमिक डायरेक्टर एमके निठरवाल सहित टारगेट करियर इंस्टिट्यूट के अन्य पदाधिकारियों द्वारा भी विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुए कार्यक्रम के सभी अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया । मंच संचालन एडमिनिस्ट्रेटर इंद्राज चौपड़ा द्वारा किया गया । इस मौक़े पर संस्थान की सम्पूर्ण फ़ैकल्टी टीम सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

# पुष्प वर्षा कर रुक्क्षमणी कुमारी का किया भव्य स्वागत

## समाज कल्याण बोर्ड में सदस्य नियुक्त होने पर किया स्वागत

### समर्थकों ने ढोल नगाड़े बजवाकर किया शानदार स्वागत

**चौमूं (हमारा वतन)।** चौमूं शहर में नगरपालिका के सामने ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष रुक्क्षमणी कुमारी को राजस्थान सरकार द्वारा हाल ही में राजस्थान समाज कल्याण बोर्ड में सदस्य नियुक्त होने पर नगर पालिका पार्षद राजेश कुमार वर्मा व नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों के साथ पुष्पगुच्छ भेंट कर व माल्यार्पण कर स्वागत किया। स्वागत के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने समाज कल्याण बोर्ड में रुक्क्षमणी कुमारी को सदस्य बनाए जाने पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार प्रकट किया । अंतर्राष्ट्रीय



भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने रुक्क्षमणी कुमारी को बधाई देकर उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद प्रदान किया । इस दौरान स्वागत की कड़ी में फूल माला बेचने वाले दुकानदारों सहित पूर्व प्रतिपक्ष नेता और पार्षद अर्जुन लाल सैनी ने रुक्क्षमणी कुमारी पर पुष्प वर्षा कर पुष्पगुच्छ भेंट किए। रुक्क्षमणी कुमारी ने चौमूं की जनता का आभार प्रकट किया और कहा की चौबीसों घंटे में आपकी सेवा में उपलब्ध रहूंगी।

इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन गोविंद नारायण सैनी, जिला उपाध्यक्ष छीतरमल जलुथरिया,पूर्व ब्लाक उपाध्यक्ष लोकेश शर्मा, पार्षद महेंद्र कुमावत, कन्हैयालाल थावरिया, पूर्व पार्षद संजय पारीक, भानु प्रसाद सैनी, हयात पठान, श्रवण जलुथरिया, पंडित अमित आचार्य, कमलेश कुमार यादव, बाला प्रसाद कुलदीप, रामकरण गोठवाल, नरसिंह लाल गोठवाल, राधेश्याम गोठवाल, गोपाल लाल कादेला, सिया शरण शर्मा, एडवोकेट नाथूलाल बेनीवाल, गुलाबचंद कुलदीप, आदिल खान, रामअवतार कुलदीप, अमरचंद सबलानिया, कालूराम सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे ।

### राज्य महिला आयोग में मंगलवार व बुधवार को होगी सुनवाई

जयपुर(नि.सं.)। राज्य महिला आयोग द्वारा मंगलवार व बुधवार को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक एवं तत्पश्चात् सायं 3:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक सुनवाई की जाएगी। राजस्थान राज्य महिला आयोग की सदस्य सचिव श्रीमती अल्पा चौधरी ने बताया कि आयोग कार्यालय में व्यक्ति गत रूप से अपनी शिकायत लेकर आने वाली महिलाओं की सुनवाई उपरोक्त कार्य दिवसों पर की जाएगी।

# स्वयं से पहले आप की सीख देती है एनएसएस : पर्यावरणविद डॉ. त्रिलोक सोनी

**देहरादून (हमारा वतन)।** राजकीय इंटर कॉलेज छरबा में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर कार्यक्रम में स्वच्छता व नशा मुक्ति रैली के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित व उत्तराखंड में वृक्षमित्र के नाम से मशहूर पर्यावरणविद् डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी रहे। पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी ने एनएसएस स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा मन के सुविचार व अच्छी सोच स्वच्छ समाज निर्माण में एहम भूमिका रखती है इसलिए हमें अपने मन मस्तिष्क में अच्छी सोच रखनी चाहिए। कहा जीवन अनमोल हैं और प्रकृति की देन हैं यह धरती मानव से कुछ नही मांगती हैं सिर्फ उम्मीद करती हैं कि जो प्राकृतिक संसाधन व वनस्पति इस धरा के लिए दिए हैं उनका संरक्षण हो सके ताकि उनका उपभोग आनेवाली पीढ़ी भी कर सके।





कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र सिंह बुटोइया ने कहा नशा समाज में एक जहर हैं वक्त रहते इसे नही रोग गया तो आनेवाली पीढ़ी का भविष्य प्रभावित होगा। नशा मुक्ति समाज बनाने के लिए विशाल जन जागरूकता रैली निकाल कर नशा मुक्ति शपथ पत्र भरकर नशीले पदार्थ से दूर रहने की अपील की गई। हमारे विशेष शिविर में पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी आये और उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवियों को सफल जीवन बनाने के टिप्स दिये तथा देववृक्ष रुद्राक्ष का पौधा उपहार में भेंट भी किया।

# जॉब्स

1. भारतीय नौसेना, पद ट्रेड्समैन, पद संख्या 1531, अंतिम तिथि 30 मार्च 2022
2. सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स (सीआईएसएफ), पद हेड कांस्टेबल, पद संख्या 249, अंतिम तिथि 31 मार्च 2022
3. बैंक नोट प्रेस देवास, पद जूनियर टेक्नीशियन, पद संख्या 81, अंतिम तिथि 28 मार्च 2022
4. नेशनल वॉटर डेवलपमेंट एजेंसी, पद असिस्टेंट इंजीनियर, पद संख्या 9, अंतिम तिथि 4 अप्रैल 2022
5. बिहार पब्लिक सर्विस कमीशन, पद हेड मास्टर, पद संख्या 6421, अंतिम तिथि 28 मार्च 2022,
6. स्मॉल इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंक ऑफ़ इंडिया, पद असिस्टेंट मैनेजर, पद संख्या 100, अंतिम तिथि 24 मार्च 2022
7. दिल्ली हाई कोर्ट, पद ज्यूडिशल सर्विस, पद संख्या 123, अंतिम तिथि 20 मार्च 2022
8. बैंक ऑफ बड़ौदा, पद स्पेशलिस्ट ऑफिसर, पद संख्या 105, अंतिम तिथि 24 मार्च 2022




## आमिर खान की बेटी आइरा खान बॉलीवुड डेब्यू को तैयार? दिया फैंस के सवालों का जवाब

बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान की बेटी आइरा खान अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। आइरा कई वजहों से स्पॉटलाइट में बनी रहती हैं और फैंस कई बार उनके बॉलीवुड डेब्यू को लेकर सवाल करते रहे हैं। हालांकि आइरा खान अपना अलग करियर बनाना चाहती हैं और उनका फिलहाल बॉलीवुड में कदम रखने का कोई इरादा नहीं है। हाल ही में फैंस के साथ हो रहे एक Q&A सेशन में आइरा खान ने उनके बॉलीवुड डेब्यू से जुड़े सवाल का जवाब दिया।



**इंस्टाग्राम पर आइरा ने दिया सवालों का जवाब**-इंस्टाग्राम पर सोमवार को आइरा खान ने फैंस के सवालों के जवाब दिए और बॉयफ्रेंड के साथ जर्मनी विजिट की अपनी कुछ तस्वीरें शेयर कीं। आइरा ने बताया कि वह वजन कम करने पर लगातार काम कर रही हैं और उन्होंने तकरीबन 20 किलो वजन बढ़ा लिया था। आइरा ने लिखा, हाल ही में मैंने 15 दिनों का व्रत रखा ताकि वजन घटाने के अपने मिशन की शुरुआत कर सकूं।

**20 किलो तक वजन बढ़ा चुकी थीं आइरा खान**-आइरा खान ने लिखा, मैं सेल्फ मोटिवेशन और सेल्फ इमेज डिपार्टमेंट में उतनी अच्छी नहीं हूं। मैं जिंदगी भर काफी एक्टिव रही हूं लेकिन फिर पिछले 4-5 सालों में बिलकुल ही इनएक्टिव हो गई थी। मैंने 20 किलो तक वजन बढ़ा लिया था। ये चीज मेरे दिमाग में भर गई थी। आइरा ने बताया कि वजन घटाने के लिए उन्हें नया मोटिवेशन मिल गया है और अब वह कड़ी मेहनत कर रही हैं।

## सुष्मिता सेन को इंडस्ट्री में कोईभी नहीं दे रहा था काम?, एक्ट्रेस ने बताया 10 साल तक मैंने...

बॉलीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन के पास लगभग 10 साल तक कोई भी काम नहीं था और उन्होंने इसके पीछे की सबसे बड़ी वजह का खुलास भी कर दिया है। एक्ट्रेस ने ब्यूटी पेजेंट जीतने के बाद फिल्मी दुनिया में आई सुष्मिता सेन के लिए सब कुछ इतना आसान नहीं था। धीरे-धीरे ना सिर्फ उन्होंने फिल्म क्रिटिक्स का दिल जीता बल्कि दर्शकों के दिलों में भी एक खास जगह बना ली। एक ऐसा वक्त भी आया जब सुष्मिता को मन मुताबिक काम नहीं मिल पा रहा था और इसी दौरान उन्होंने 10 साल का लम्बा गैप ले लिया था। एक्टिंग की दुनिया से कई साल तक दूर रहने के बाद सुष्मिता ने कमबैक भी किया तो वेब सीरीज से...। **10 साल नहीं किया कोई काम**-फिल्म क्रिटिक सुचित्रा त्यागी से हुई एक बातचीत के दौरान सुष्मिता सेन ने दर्द भरी दास्तान सुनाई है। एक्ट्रेस ने कहा है, मेरे हिसाब से 10 साल के गैप की वजह से प्राथमिकताओं को क्रम से रखा। इसकी वजह से मुझे पता चला कि मुझे क्या करना चाहिए और क्या नहीं? मेनस्ट्रीम सिनेमा मुझे वह काम दे ही नहीं रहा था जो मुझे करना था। इसमें से काफी कुछ मेरी उम्र और मेरी स्क्रीन एज को की गई धारणा भी थी कि मैंने पूरे दस साल तक काम ही नहीं किया। **सुष्मिता सेन को है इस बात का मलाल**-अपनी बात पूरी करते हुए सुष्मिता सेन ने आगे यह भी कहा कि उस दौरान लोगों ने उनके ज्यादा कॉन्टेक्ट्स नहीं थे जिसकी वजह से उन्हें ऐसे दिन भी देखने पड़े। एक्ट्रेस के मुताबिक, मुझे नहीं पता है कि उस वक्त क्या मानसिकता थी या शायद मैं ही अपने आपको सही तरीके से सामने नहीं रख पा रही थी। मैं इस मामले में कभी भी अच्छी नहीं रही हूं। नेटवर्किंग में मैं अच्छी नहीं हूं। यह मेरे काम ही नहीं आया। बता दें कि सुष्मिता सेन ने लम्बे समय बाद वेब सीरीज आर्या के जरिए कमबैक किया था। जल्द ही इस शो का तीसरा सीजन भी रिलीज होने वाला है।



## Lock Upp: ट्रोल्स पर भड़की पूनम पांडे, बोलीं रात में देखते हैं मेरे वीडियो और सुबह...

कंगना रनौत के रिएलिटी शो लॉक अप की कंट्रोवर्सियल कंटेस्टेंट पूनम पांडे लगातार सुर्खियों में हैं। हाल ही में शो के अंदर उन्होंने अपने पति सैम बॉम्बे को लेकर चौंकाने वाले खुलासे किए थे। लॉक अप के पिछले एपिसोड में अब पूनम पांडे ने कुछ ऐसा कह दिया है कि अब उसी की ही चर्चा हो रही है। दरअसल अंजलि अरोड़ा और तहसीन पूनावाला से बात करते हुए पूनम पांडे ने बताया है कि उन्हें अपने काम की वजह से क्या-क्या फेस करना पड़ता है? पूनम ने इस बात का जिक्र किया है कि उनके काम को लेकर रिश्तेदार और सोशल मीडिया यूजर्स रोजाना ताना मारा करते हैं। साथ ही पूनम पांडे ने यह भी कह दिया है कि उन्हें ताना मारने वाले लोग ही उनके वीडियोज को छिप-छिपकर देखते हैं।



**पूनम ने ट्रोल्स को दिया करारा जवाब**-स्ट्रगल के बारे में बात करते हुए कहा है, अगर मैं अपने कपड़े उतारती हूं...अपनी बॉडी दिखाती हूं और आप मुझे बेशर्म कहेंगे तो मैं यह नहीं मानूंगी। मुझे लगता है कि जो लोग दूसरों को बुरा महसूस करवाते हैं वह खुद बेशर्म होते हैं। पूनम पांडे की बात खत्म नहीं होती है कि बीच में तहसीन अपनी बात रख देते हैं। तहसीन पूनावाला कहते हैं कि लोग पूनम के वीडियोज देखते हैं और फिर उसे भला-बुरा कहते हैं। इस पर पूनम कहती हैं, एक महीने में ही मुझे 200 मिलियन व्यूज मिल जाते हैं। ये छिपे हुए फॉलोअर्स कौन हैं? रात में यह लोग मेरे वीडियो देखते हैं और सुबह उठते ही मुझे ट्रोल करना शुरू कर देते हैं।

**लॉक अप में एंट्री ले चुके हैं करण कुंद्रा**-लॉक अप के पिछले एपिसोड में टीवी के जाने-माने कलाकार करण कुंद्रा ने एंट्री ली है। करण इस शो में जेलर की भूमिका अदा करने वाले हैं और आने वाले दिनों में वह कंगना के ऑर्डर पर कंटेस्टेंट्स को खूब टॉर्चर करने वाले हैं।

## *Red Vegetables benefits*

# आपको कई गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों से बचा सकती हैं लाल रंग की ये सब्जियां

हरी सब्जियों के बारे में आपने बहुत कुछ सुना है, पर क्या आप जानती हैं कि लाल रंग की सब्जियां भी आपको हेल्दी रखने के लिए बहुत जरूरी हैं।लाल रंग की प्याज से लेकर, टमाटर तक। आपकी प्लेट में कुछ एस्स्ट्रा स्वाद बढ़ाने में लाल रंग की सब्जियां खास योगदान देती हैं। वहीं जब सलाद की बात आती है तो लाल गोभी और चुकंदर हमेशा से खास रहे हैं। पर क्या आप जानती हैं कि लाल रंग की ये सब्जियां सिर्फ आपके स्वाद और प्लेट में रंग ही एड नहीं करतीं, बल्कि आपको कई स्वास्थ्य जोखिम से भी बचाती हैं।



**क्यों खास है सब्जियों का ये लाल रंग**-हरी सब्जियां ही नहीं, बल्कि लाल रंग की सब्जियां भी हेल्थ के लिए काफी फायदेमंद होती है। मेयो क्लिनिक के मुताबिक, रेड शिमला मिर्च और टमाटर जैसी लाल सब्जियां डायबिटीज, ऑस्टियोपोरोसिस और हाई कोलेस्ट्रॉल के जोखिम को कम करती है। दरअसल, इन सब्जियों का लाल रंग फाइटोन्यूट्रिएंट्स नामक तत्व के कारण होता है। फाइटोन्यूट्रिएंट्स हेल्थ के लिए बेहद फायदेमंद होता है।इसके अलावा इनमें विटामिन, एंटीऑक्सिडेंट और कई तरह के मिनरल्स पाए जाते हैं। ये सब्जियां कैंसर को रोकने, पुरानी बीमारियों से लड़ने और इम्यून सिस्टम को मजबूत करने में मददगार है। लाल सब्जियों में एंथोसायनिन और लाइकोपीन जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। यह हृदय रोग के जोखिम को कम करने, आंखों की रक्षा करने, संक्रमण से लड़ने और स्मोकिंग के धुएं से होने वाले नुकसान से बचाने में सहायक है।

नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट का कहना है कि रेड वेजिटेबल्स हेल्थ के लिए बेहद फायदेमंद हैं। इसके बावजूद 95 फीसदी लोग पर्याप्त मात्रा में इसका सेवन नहीं कर पाते हैं। ऐसे में क्या आप भी अपने आहार में लाल सब्जियों को नजर अंदाज कर रहीं हैं। अगर, हां तो इनके हेल्थ बेनिफिट्स जानकर आप ऐसा नहीं कर पाएंगी।

**1. टमाटर** -लाल सब्जियों में सबसे पहला नाम टमाटर का आता है। ज्यादातर डिश बनाने में टमाटर का इस्तेमाल किया जाता है। इसके अलावा टोमैटो सॉस का उपयोग भी लोग पास्ता और दूसरी चीजों में उपयोग करते हैं। टमाटर विटामिन-सी, लाइकोपीन और पोटेशियम का बड़ा स्रोत हैं।नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के मुताबिक, शरीर में 85 फीसदी लाइकोपीन की पूर्ति ताजा टमाटर और टमाटर उत्पादों से होती है। टमाटर को थोड़े से तेल के साथ पकाकर खाना चाहिए। इससे शरीर को लाइकोपीन को अवशोषित करने में मदद मिलती है।

**2. चुकंदर** -यूएसडीए के मुताबिक, चुकंदर में अत्यधिक मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है। इसके अलावा इसमें पोटेशियम, फाइबर, फोलेट, विटामिन-सी और नाइट्रेट्स भरपूर मात्रा में होता है। हाल के एक अध्ययन के अनुसार, कंद या मिट्टी के भीतर उगने वाली सब्जियां ब्लड प्रेशर को कम करने में सहायक हैं। ये सब्जियां ब्लड फ्लो में सुधार करने के साथ ही एथलेटिक टॉलरेंस को बढ़ाने मददगार हैं। चुकंदर दिल की सेहत के लिए भी लाभदायक है। इसका सेवन ऑयल में हल्का भूनकर करना चाहिए। हालांकि, इसे आप रोजाना जूस और सलाद के रूप में भी खा सकते हैं।

**3. लाल गोभी**-लाल गोभी क्रूसीफेरस परिवार से संबंधित है। यह देखने में लाल और बैंगनी रंग की दिखाई देती है। इसमें ब्रोकली, केल और ब्रसेल्स स्प्राउट्स की तरह कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। हाल के एक अध्ययन के मुताबिक, इसका गहरा रंग एंथोसायनिन, शक्तिशाली एंटीऑक्सिडेंट की वजह से आता है।




## रोहित शर्मा ने शेन वॉर्न के निधन पर कहा-यह क्रिकेट की दुनिया में बहुत बड़ी क्षति है

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलियाई टीम के महान खिलाड़ी शेन वॉर्न के निधन पर भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने भी श्रद्धांजलि दी। कप्तान रोहित शर्मा ने ये भी कहा कि यह क्रिकेट की दुनिया के लिए बहुत-बहुत बड़ी क्षति है। ऑस्ट्रेलियाई महान स्पिनर शेन वॉर्न का शुक्रवार की देर शाम निधन हो गया। वे 52 साल के थे और थाईलैंड में अपने दोस्तो के साथ एक निजी विला में रह रहे थे। श्रीलंका के खिलाफ मोहाली में पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन के पहले रोहित शर्मा ने कहा, शेन वॉर्न के निधन की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। यह हमारे क्रिकेट जगत के लिए बहुत बड़ी क्षति है। हम सभी



जानते हैं कि क्रिकेट की दुनिया के लिए उनका योगदान कितना था। वह नई पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए एक प्रेरणा थे और उन्होंने गेंद से चमत्कार किए हैं। हम जानते हैं कि ये कितनी बड़ी क्षति है।

## ICC Women's World Cup 2022: अनीसा मोहम्मद की बड़ी उपलब्धि, 300 विकेट लेने वाली पहली गेंदबाज बनीं

नई दिल्ली। आईसीसी महिला वर्ल्ड कप के पहले मैच में वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड को रोमांचक अंदाज में तीन रन से हराकर टूर्नामेंट में अपने अभियान की विजयी शुरुआत की है। इस मुकाबले में वेस्टइंडीज की स्पिन गेंदबाज अनीसा मोहम्मद ने अपने करियर का 300वां विकेट पूरा किया। इसके साथ ही वह महिला क्रिकेट में 300 विकेट लेने वाली वेस्टइंडीज की पहली महिला क्रिकेटर बन गई हैं। अनीसा इस उपलब्धि तक पहुंचने वाली पहली महिला स्पिन गेंदबाज बन गई हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ वर्ल्ड कप मुकाबले में 10 ओवर में 60 रन देकर दो विकेट चटकाए।महिला क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड अभी भी भारतीय तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी के नाम दर्ज हैं। झूलन ने अब तक 345 इंटरनेशनल विकेट चटकाए हैं जबकि अनीस अब 300 क्लब में पहुंची हैं और वह ऐसा करने वाली चौथी गेंदबाज बनी हैं। महिला क्रिकेट में अनीसा से पहले केवल तीन ही गेंदबाजों ने 300 विकेट चटकाए थे। झूलन के अलावा और अनीसा से पहले कैथरीन ब्रंट के नाम 312 और एलीसा पैरी के नाम 308 विकेट दर्ज हैं।


## फार्म- 4
### ( नियम 8 देखिए )

| | |
|---|---|
| 1. प्रकाशन का स्थान | : जयपुर |
| 2. प्रकाशन अवधि | : साप्ताहिक |
| 3. मुद्रक का नाम | : राम गोपाल सैनी |
| (क्या आप भारत के नागरिक है?) | : हाँ |
| (यदि विदेशी है तो मूल देश ) | : नहीं |
| पता | : वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर |
| 4. प्रकाशक का नाम | : राम गोपाल सैनी |
| (क्या आप भारत के नागरिक है?) | : हाँ |
| (यदि विदेशी है तो मूल देश ) | : नहीं |
| पता | : वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर |
| 5. सम्पादक का नाम | : राम गोपाल सैनी |
| (क्या आप भारत के नागरिक है?) | : हाँ |
| (यदि विदेशी है तो मूल देश ) | : नहीं |
| पता | : वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर |
| 6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हो तथा जो समस्त पूँजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार(एकमात्र स्वामी) हों। | : राम गोपाल सैनी वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर |

मैं राम गोपाल सैनी एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य है।

**(राम गोपाल सैनी)**
**प्रकाशक के हस्ताक्षर**

**दिनांक : 7 मार्च, 2022**

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# रूस से अलग खड़ा क्यों दिखना चाहता है चीन



राम गोपाल सैनी

शी चिन फिंग अक्सर व्लादिमीर पुतिन को अपना बेस्ट फ्रेंड बताते रहते हैं। लेकिन बीते शनिवार जब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में इस दोस्ती की परीक्षा की घड़ी आई तो उन्होंने ठीक वही किया जो नरेंद्र मोदी ने किया। शी और मोदी दोनों तटस्थ रहे, न अमेरिका को सपोर्ट किया और न ही रूस को। मामला उस निंदा प्रस्ताव का था, जो अमेरिका यूक्रेन पर रूसी हमले के खिलाफ लाया था। बहुतों को उम्मीद थी कि बड़ी शक्तियों में रूस का सबसे करीबी दोस्त होने के नाते चीन प्रस्ताव को वीटो करने में उसके साथ खड़ा होगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। प्रस्ताव तभी गिरा, जब रूस ने उसे वीटो किया। दिलचस्प यह कि चीन और भारत दोनों ने तटस्थ रहने का कारण भी बिल्कुल एक सा बताया। दोनों का कहना था कि वे कूटनीतिक बातचीत के दरवाजे बंद नहीं करना चाहते, जो कि उनके मुताबिक संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के निंदा प्रस्ताव पारित करके रूस को कोने में धकेलने की कोशिशों से बंद हो सकते थे।बात सही थी। अचरज की बात है कि लोकतंत्र के हिमायती पश्चिमी देश यह नहीं समझ पाए। लेकिन एक अहम अंतरराष्ट्रीय मसले पर भारत और चीन का सहमत होना भी अपने आप में दुर्लभ घटना है। हालांकि यूक्रेन में फंसे अपने नागरिकों की चिंता जैसे एकाध मुद्दों को छोड़ दिया जाए तो दोनों देशों के लिए इसके कारण बिल्कुल अलग-अलग हैं। रूस और चीन दोनों तानाशाही शक्तियां हैं और दोनों में अमेरिका के खिलाफ साझा अविश्वास है। दोनों ही देश संयुक्त राष्ट्र की अगुआई वाले संस्थानों में तालमेल बनाए रखते हुए काम करते हैं और विभिन्न क्षेत्रों में समस्याओं से जूझने में एक-दूसरे की मदद भी करते हैं। समझा जाता है कि पुतिन ने यूक्रेन संबंधी अपनी योजनाओं पर शी चिन फिंग से चार फरवरी को चीन यात्रा के दौरान ही विचार-विमर्श कर लिया था। यह बाद के बयानों से भी स्पष्ट हुआ, जिनमें रूस ने कहा कि वह ताइवान मसले पर चीन का समर्थन करेगा।प्रेक्षकों का मानना है कि ताइवान दूसरा यूक्रेन बनने वाला है क्योंकि चीन कहता रहा है कि वह ताकत के बल पर उसे अपने कब्जे में लेने को तैयार है।



## राजस्थान स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बोर्ड के सदस्य लल्लूराम सैनी का किया सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)।** ग्राम पंचायत नरसिंहपुरा में सरपंच पपीता अटल तथा पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कालाडेरा कॉलेज रामनिवास गागर के नेतृत्व में लल्लू राम सैनी जिला अध्यक्ष कांग्रेस सेवा दल को राजस्थान सरकार द्वारा राजस्थान स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बोर्ड के सदस्य बनाने पर युवा साथियों तथा बड़े बुजुर्गों ने सम्मान किया ।

इस दौरान कालूराम यादव उपसरपंच, विकास बिलोनिया, प्रकाश अटल, गजानंद सैनी, जितेंद्र अटल, नितिन अटल,मनोज अटल सरपंच प्रतिनिधि, वार्ड पंच व कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## अल्पसंख्यक ब्लॉक का वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार निर्धारण-शाले मोहम्मद

**जयपुर(नि.सं.)।** अल्पसंख्यक मामलात मंत्री शाले मोहम्मद ने विधानसभा में कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत अल्पसंख्यक ब्लॉक का निर्धारण वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर ही किया जाता है। मोहम्मद ने प्रश्नकाल में विधायकों द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब देते हुए बताया कि बाड़मेर में 21 ब्लॉक है तथा वर्ष 2011 की जनगणना के समय 8 ब्लॉक थे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला बाड़मेर में एक अल्पसंख्यक बाहुल्य ब्लॉक चयनित है।उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार अल्पसंख्यक ब्लॉक का निर्धारण पुराने ब्लॉक की संख्या के आधार पर स्वीकृत किया गया है।

## जादूगर सीएम अशोक गहलोत ने अपनी जादुई चाल से उप मुख्यमंत्री को किया गायब: भाजपा

**जयपुर(नि.सं.)।** विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान कांग्रेस नीत राजस्थान सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा कि अनौपचारिक चर्चा में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को जादूगर के रूप में भी जाना जाता है। पूनिया ने कहा कि गहलोत को जादूगर के तौर पर जाना जाता है, जिन्होंने उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट की उपस्थिति के बिना ऑल स्टेट स्कीम्स की घोषणा करके उन्हें अपनी जादुई चाल से गायब कर दिया था। पूनिया ने राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा (आरईईटी) के मुद्दे पर भी बात की और इसकी सीबीआई जांच की मांग की। शुक्रवार को राज्य में उच्च अपराध दर और बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति पर बोलते हुए, पूनिया ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ सबसे अधिक अपराध होने के अलावा, राज्य में सबसे अधिक आत्मदाह के मामले भी दर्ज किए गए हैं।

## जनकल्याण खादी ग्रामोद्योग संस्थान दे रहा बेरोजगारों को प्रशिक्षण

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं तहसील के कंवरपुरा (कुंभपुरिया) स्थित जनकल्याण खादी ग्रामोद्योग संस्थान द्वारा खादी ग्रामोद्योग आयोग और सूक्ष्म, लघु, मध्यम एवं उद्यम मंत्रालय के द्वारा चलाए जा रहे प्रशिक्षण की जानकारी लोगों को दी।संस्थान मंत्री पूरणमल बुनकर ने बताया कि लोगों को कताई, बुनाई, सिलाई की जानकारी गांव-गांव और ढाणी - ढाणी जाकर दी जा रही है । हर घर में रोजगार के लिए शिक्षित महिला और पुरुष जो बेरोजगार बैठे हैं ,उनको संस्थान द्वारा प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना के बारे में बताया जा रहा है । शिवसिंहपुरा ग्राम पंचायत में जनसभा का आयोजन कर स्वरोजगार के बारे में जानकारी दी और लोगों को प्रेरित किया । इस दौरान संस्थान के सभी पदाधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे।



## श्री शिरडी साईं मंदिर के शिवालय में गूंजा हर हर महादेव

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं तहसील के ईटावा भोपजी स्थित श्री शिरडी साईं मंदिर के शिवालय में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर हर-हर महादेव की गूंज सुनाई दी ।मंदिर महंत कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने बताया कि सुबह से ही महादेव के भक्तों की भीड़ मंदिर में लगना शुरू हो गई थी । नवविवाहिता महिलाओं ने सज - धज कर महादेव के मंदिर में जेघड चढ़ाई।



खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।

Email- hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

# वेशभूषा का हम पर प्रभाव



किसी भी सेना के जवानों को यदि पेंट शर्ट और अन्य समान न पहनाकर और कुछ पहना दिया जाय,तो उनमें वह जोश नहीं होगा,जो सैनिक की वर्दी से आता है। जब हम कोई नया कपड़ा पहनते है,तब उस दिन हमें कुछ अलग अवश्य ही महसूस होता है। इसी तरह कसे टाइट कपडों का और ढीले ढाले कपड़ों का भी हमारे स्वभाव पर फर्क पड़ता है। यह भी कह सकते है कि,हमारी सोच,स्थान से भी हमारा पहनावा प्रभावित होता है। उत्तेजना में काम करते समय टाइट कपड़े पहनना हम पसन्द करते हैं।

इसी तरह शांति के समय रिलैक्स के समय ढीले कपड़े पहनना हम पसन्द करते हैं । सैनिक और वे सभी काम जिसमें चुस्ती फुर्ती की ज़रूरत होती है,उस समय टाइट कपड़े ही हम पहनते हैं ,अर्थात पहनना पसंद करते हैं। कभी - कभी जब हम टाइट पेंट पहने हों ,जूते कसे हो,तब हम किसी भी सीढ़ी को दो दो,तीन तीन एक बार में चढ़ने की कोशिश करते हैं । जबकि इसके विपरीत ढीले ढाले कपड़े पहनने पर हम ऐसा नहीं करते। शरीर से काम करने वाले,टाइट कपड़े पहनते हैं । यह भी कह सकते हैं ,उन्हें वही पहनाया जाता है। ठीक इसके विपरीत जो लोग शारीरिक कम,बौद्धिक काम ज़्यादा करते हैं ,वे ढीले ढाले कपड़े ही पहनना पसंद करते हैं। यह भी कह सकते हैं ,उन्हें पहनाया जाता है।

ज़्यादातर धर्म गुरु,दार्शनिक किसी भी धर्म को मानने वाले हों , सभी ढीले कपड़े ही पहनते हैं ।मन्दिर के पुजारी,मस्जिद के मौलवी,चर्च के फ़ादर, गुरुद्वारे के ग्रन्थी लगभग सभी ढीले कपड़े ही पहनते हैं ।बड़े - बड़े दार्शनिक महान संत सभी इसी श्रेणी में आते हैं ,अपवाद तो सब का होता है,इसका भी होगा ही। ज़्यादा कामुक और झगड़ालू लोग भी टाइट कपड़े ही पहनना पसंद करते हैं। इसके विपरीत शांत स्वभाव के लोग ढीले कपड़े पहनना पसंद करते हैं। पुराने और नए कपड़ों तक का हम पर प्रभाव पड़ता है। कभी हम जब नया सिर्फ अंडरवियर भी पहन लें ,तब भी हम थोड़ा अलग महसूस करते ही हैं,एनर्जेटिक महसूस करते हैं। इसी तरह नया कपड़ा पहनने पर तो,थोड़ा अलग प्रसन्नचित लगते ही हैं। इसी तरह रंगों का प्रभाव भी हमारे ऊपर पड़ता ही है। हर रंग का अलग-अलग प्रभाव हमारे हावभाव से लेकर विचारों तक पर पड़ता ही है। स्वभाव और काल से प्रभावित होकर हम सब अपनी पसंद बनाते हैं,या यूं कहें बन जाती हैं ।यह सब सामान्य मनुष्यों के लिए है,विशेष व्यक्तित्व पर कभी कभी यह सब लागू नहीं होगा। जिन पर यह स्वाभाविक न लगे ,वे स्वयं को विशिष्ट व्यक्ति ही माने।

**डॉ रमाकांत क्षितिज**
**संकलन विनोद कुमार सीताराम दुबे**




हमारा वतन की और से सभी देश वासियों को अन्तर राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 7296873757
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा